सावधान! यूपी में मरीजों की सेहत से खिलवाड़, इस मेडिकल स्टोर से 40 लाख की नकली दवाओं का जखीरा बरामद

आगरा: अगर आप मेडिकल स्टोर से बिना पक्का बिल लिए दवाएं खरीद रहे हैं तो आज से ही सावधान हो जाइए. यह लापरवाही आपकी और आपके परिजनों की जान के लिए खतरा बन सकती है. आगरा में नकली और प्रतिबंधित दवाओं के बड़े जखीरे का खुलासा हुआ है, जिसे ड्रग विभाग, ANTF और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जब्त किया गया है.

40 लाख की नकली दवाईयां बरामद

ताजनगरी के ताजगंज क्षेत्र के नगला मेवाती में एक मेडिकल दुकान पर छापेमारी की गई. यहां ड्रग विभाग ने 40 लाख रुपये से अधिक कीमत की नारकोटिक्स श्रेणी की दवाएं बरामद की. इन दवाओं को तत्काल सीज कर दिया गया. अधिकारियों के अनुसार, दवाओं की कीमत जांच के बाद और अधिक हो सकती है. मौके से दवाओं के सैंपल भी लिए गए हैं, जिन्हें लैब भेजा गया है.

Source: https://hindi.news18.com/news/uttar-pradesh/bareilly-bareilly-maulana-tauqeer-raza-provokes-muslims-appeals-to-protest-announces-arrest-on-sunday-police-on-alert-ws-kl-9306258.html